Publication	Pioneer Hindi	Date	15-06 -2017	Page No.	03
Client Name	Kamdhenu	Edition	Varanasi		

कामधेनु लिमिटेड ने लांच किया 'कामधेनु नेक्स्ट'

● बनारस सहित आसपास के क्षेत्रों से 450 से ज्यादा डीलर उपस्थित रहे

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

इमारतों की लिए निर्माण सामग्री की सम्पूर्ण रेंज बनाने वाली कंपनी कामधेनु लिमिटेड ने शहर में नेक्स्ट जनरेशन इंटरलॉक स्टील टीएमटी बार बुधवार को छावनी परिषद स्थित एक होटल में 'कामधेनु नेक्स्ट का लांच किया है। कामधेनु लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल तथा मां महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे के निदेशक भूपेंद्र अग्रवाल ने इस नए उत्पाद को पेश किया। वाराणसी एवं आस-पास के क्षेत्रों से 450 से ज़्यादा डीलर इस मौके पर मौजूद थे। 'कामधेनू नेक्स्ट' एक अत्याधुनिक उत्पाद है जो 25 गुना मजबूत कांक्रीट-स्टील इंटरलॉक बनाता है और इस वजह से यह आधुनिक व स्मार्ट निर्माणकला एवं अवधारणाओं के लिए सर्वोत्तम है। इस मौके पर कामधेनु लिमिटेड के डायरेक्टर सुनील अग्रवाल ने पत्रकार वार्ता में कहा कि भगवान शिव की नगरी वाराणसी में रीयल एस्टेट कारोबार तेज़ी से बढ़ रहा है। हमें गर्व है कि हमारा नया उत्पाद 'कामधेनु नेक्स्ट' यहां बनने वाली ऊंची-ऊंची इमारतों को सुरक्षा की पक्की गारंटी देगा। 'कामधेनु नेक्स्ट' न केवल हमारे द्वारा किए जाने वाले गहन अनुसंधान का नतीजा है बल्कि विश्वस्तरीय उच्च गुणवत्ता के उत्पाद बनाने की हमारी प्रतिबद्धता पर मुहर है। मां महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे, यूज़र लाइसेंस एग्रीमेन्ट के तहत कामधेनु ब्राण्ड टीएमटी बार की अधिकृत निर्माता है। इस मौके पर मां महामाया एलॉयज प्राइवेट लिमिटेडे के निदेशक भूपेंद्र अग्रवाल ने कहा कि उपभोक्ताओं को अत्याधुनिक तकनीक के उत्पाद उपलब्ध कराने के दृष्टिकोण से हमने कामधेनु लिमिटेड के साथ साझेदारी की। हम 'कामधेनु नेक्स्ट' के फीचर्स से बेहद प्रभावित हैं, जो इसे आम स्टील बार की तुलना में कई गुना बेहतर बनाते हैं। हमें खुशी है कि हमें कामधेनु लिमिटेड के साथ जुड़ने का मौका मिला है।

पत्रकारों से वार्ता करते कामधेनु स्टील के अधिकारी